प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत कल छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और ओडिशा की 5–5, झारखंड की 3 तथा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट शामिल हैं। इस चरण में कई मंत्रियों और सांसदों सहित छः सौ पिच्यानवे उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल और कांग्रेस के राहुल गांधी और के. एल. शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला तथा लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के चिराग पासवान शामिल हैं।

....

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज पाली दौरे पर है। वे तखतगढ के रायगांधी आदर्श विद्या मंदिर में भामाशाह सम्मान समारोह में हिस्सा ले रहे है। इसके बाद मुख्यमंत्री आज शाम लुधियाना में जनसभा को संबोधित करेंगे।

....

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हालात तनावपूर्ण हैं। स्थानीय लोगों की ओर से विदेशी छात्रों पर हमले के समाचार हैं। हालांकि भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। इस घटना के बाद भारतीय छात्रों से सम्पर्क किया जा रहा हैं। दौसा के पांच छात्र भी किर्गिस्तान में हैं। महुआ विधायक राजेन्द्र प्रधान ने किर्गिस्तान में इन छात्रों से बातचीत की। दौसा कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी छात्र सुरक्षित हैं।

....

जम्मू–कश्मीर में कल आतंकवादी हमले हुए। ये हमले अनंतनाग और शोपिया में हुए। कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये बताया कि शोपिया में पूर्व सरपंच को गोली मारी गई। वहीं अनंतनाग के यन्नार में हुए हमले में जयपुर से घूमने गए एक दंपत्ती को गोली लगी है। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना ने इलाके की घेराबंदी कर ली है।

....

भीलवाड़ा जिले के बडलियास गांव में बीती रात एक मकान ढहने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक बालिका घायल हो गई। मांडलगढ उपखण्ड अधिकारी के अनुसार कस्बे में एक मकान की पट्टियां अचानक गिर गई, जिसमें दबने से ये हादसा हुआ और मां–बेटी की मौत हो गई। घायल बच्ची को भीलवाडा के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

....

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से राष्ट्रीय सहकार मेला शुरू हो रहा है। 28 मई तक चलने वाला ये मेला सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मेले में लोगों को देश और प्रदेश के प्रसिद्ध और श्रेष्ठ मसाले एक ही स्थान पर मिल सकेंगे। मेले में प्रवेश और पार्किंग निःशुल्क रहेगी।

....

प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। बाड़मेर में कल अधिकतम तापमान 46 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। उदयपुर, गोगुंदा, कोटडा और झाडोल में कल गरज के साथ हल्की बरसात हुई। माउंटआबू को छोडकर सभी स्थानों पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा। अजमेर, जयपुर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकांश स्थानों पर हीटवेव का असर बना हुआ हैं। बाड़मेर में प्रचंड गर्मी का प्रकोप है। ग्रामीण ईलाकों में टैंकरों से निःशुल्क जलापूर्ति की जा रही है। सांचौर में सुबह से ही गर्म हवाओं के थपेडों से राहगीर परेशान हो रहे है। हालांकि सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं जैसलमेर में झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल है। प्रचंड गर्मी के कारण सैलानियों की आवक में भी कमी आई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज अजमेर में मटकों और परिंडों का वितरण किया। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली

जानकारी के अनुसार अगले दो–तीन दिन तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने और लू का दौर करीब एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना हैं। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कई हिस्सों और जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रहने के आसार हैं।

....

आईपीएल क्रिकेट मुकाबलों में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रनों से हराकर प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। कल बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये मैच में आरसीबी ने 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए वहीं चेन्नई की टीम 7 विकेट पर 191 रन ही बना सकी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के साथ प्लेऑफ में शामिल हो गई। आज लीग चरण के आखिरी दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच हैदराबाद में दोपहर साढे तीन बजे से सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दूसरे मैच में गुवाहाटी में, शाम साढे सात बजे से राजस्थान रॉयल्स का सामाना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

....